# यूपी के लघु उद्योगों में निवेश करेगा जापान

## योगी बोले- ग्लोबल फ्यूचर की ओर बढ़ रही यूपी-जापान की साझेदारी

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि उत्तर प्रदेश और जापान के रिश्ते केवल निवेश तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि दीर्घावधि, भरोसा आधारित साझेदारी के रूप में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेंगे। जापान के प्रिसिजन और टेक्नोलॉजी को उत्तर प्रदेश के स्केल, युवा शक्ति और टैलेंट से जोड़ते हुए प्रदेश को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और इनोवेशन का मजबूत केंद्र बनाने की दिशा में काम होगा। यामानाशी की एमएसएमई कंपनियां यूपी में 600 करोड़ रुपये का निवेश करेंगी। मुख्यमंत्री ने इसके लिए जापान का आभार जताया है। इन्वेस्ट यूपी में डेडिकेटेड यामानाशी डेस्क स्थापित की जाएगी।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में शुक्रवार को आयोजित यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट के समापन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान उत्तर प्रदेश के लिए केवल इन्वेस्टर नहीं, बल्कि को-क्रिएटर है। एमओयू को प्रोडक्शन, प्रोडक्शन को ग्लोबल एक्सपोर्ट और निवेश को रोजगार में बदलना सरकार का लक्ष्य है। 2047 के भारत के उद्योग आज डिजाइन हो रहे हैं।

ग्रीन हाइड्रोजन पर समझौता P10



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अपने सरकारी आवास पर जापान के यामानाशी प्रांत के गवर्नर कोटारो नागासाकी और जापानी व भारतीय छात्रों के साथ सेल्फी ली।

### जीसीसी कंपनियों को निवेश का न्योता

मुख्यमंत्री ने यामानाशी के गवर्नर को विशेष रूप से धन्यवाद देते हुए कहा कि उन्होंने यामानाशी की एमएसएमई कंपनियों के उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए 600 करोड़ रुपये का फंड घोषित किया है। पिछले तीन दिनों में जापानी डेलीगेशन के साथ हुई बातचीत में वर्किंग रिलेशनशिप मजबूत करने, यूपी की नीतियों और बिजनेस एनवायरमेंट को समझने तथा निवेश के अवसरों पर विस्तृत चर्चा हुई। सीएम ने कहा कि दोनों पक्ष इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट्स, इंडस्ट्री की आवश्यकताओं, अप्रूवल्स और सामने आ रही चुनौतियों की हर 90 दिन में कोऑर्डिनेशन के साथ रिव्यू करेंगे। मुख्यमंत्री ने जापानी जीसीसी कंपनियों को प्रदेश में निवेश और बिजनेस सेटअप करने के लिए आमंत्रित किया।

**600** करोड़ रुपये का फंड यामानाशी की कंपनियों के लिए

### मधुर गीतों से गूंजा मुख्यमंत्री आवास

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री आवास पर शुक्रवार को 13 जापानी विद्यार्थी उत्तर प्रदेश के विद्यार्थियों से मिले। अपनी भाषा में गीत सुनाया। शांति और मित्रता का संदेश दिया। वहीं भारतीय विद्यार्थियों ने जापानी संस्कृति को करीब से जाना और अपनी संस्कृति की झलक उन्हें दिखाई। P10

### जापानी में अभिवादन किया, आभार जताया

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जापानी में "कोनिचिवा मिनासान" कहकर सभी जापानी अतिथियों का अभिवादन किया। संबोधन के समापन पर मुख्यमंत्री ने "अरिगातो गोजाइमासु" कहकर प्रतिनिधिमंडल का आभार जताया।